भारत-इजरायल में विश्वास का अटूट रिश्ता

विदेश मंत्री जयशंकर और गिदोन सार की मुलाकात में रणनीतिक साझेदारी पर हुई गहन चर्चा

नई दिल्ली, 4 नवम्बर. विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने इजरायल के साथ संबंधों को परस्पर विश्वास पर आधारित बताते हुए गाजा शांति योजना का समर्थन किया है.

उन्होंने कहा है कि आतंकवाद की चुनौती का सामना कर रहे दोनों देशों को आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के वैश्विक दृष्टिकोण को सुनिश्चित करने की दिशा में काम करना चाहिए. डा. जयशंकर ने भारत की यात्रा पर आये इजरायत के विदेश मंत्री गिदोन सार के साथ मंगलवार को यहां वार्ता से पहले अपने प्रारंभिक

वक्तव्य में यह बात कही. विदेश मंत्री ने बातचीत के बाद सार के साथ बैठक को सार्थक बताते हुए कहा कि उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने पर सार्थक चर्चा की.

विदेश मंत्री ने इजरायली नेता का उनकी पहली भारत यात्रा पर स्वागत करते हुए कहा कि भारत और इज़राइल के बीच एक रणनीतिक साझेदारी है और दोनों कठिन समय में एक साथ खड़े रहे हैं. दोनों देशों ने परस्पर अटूट विश्वास के आधार पर एक रिश्ता बनाया है. डॉ. जयशंकर ने आतंकवाद को भारत और इजरायल के लिए साझा चुनौती बताते हुए कहा कि हमें आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने के वैश्विक दृष्टिकोण की दिशा में मिलकर काम करना चाहिए. उन्होंने कहा, हमारे दोनों देश आतंकवाद की एक विशेष चुनौती का सामना कर रहे हैं. यह आवश्यक है कि हम आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के प्रति शून्य-सहिष्णुता के वैश्विक दृष्टिकोण को सुनिश्चित करने की दिशा में काम करें. गाजा शांति योजना का समर्थन करते हुए विदेश मंत्री ने उम्मीद जतायी कि यह समस्या के स्थायी समाधान का मार्ग प्रशस्त करेगी. उन्होंने कहा, हम स्वाभाविक रूप से आपके क्षेत्र में के घटनाक्रमों पर बहुत बारीकी से नजर रख रहे हैं. हम बंधकों और दुर्भाग्य से अपनी जान गंवाने वालों के अवशेषों की वापसी का स्वागत करते हैं. भारत गाजा शांति योजना का समर्थन करता है.

सुप्रीम कोर्ट के बाद 'अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव व्यापार संधि' ने भी वनतारा को दी क्लीन चिट

पशु-संरक्षण के क्षेत्र में वनतारा ने कायम की नई मिसाल

वनतारा में आधुनिक बाड़े, उन्नत सुविधाएं उपलब्ध हैं

नई दिल्ली, 4 नवम्बर. दुनिया भर में जंगली जीव-जंतुओं और पक्षियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अवैद्य व्यापार पर नजर रखने वाली संस्था 'अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव व्यापार संधि' ने गुजरात के जामनगर स्थित वनतारा परियोजना और उससे जुड़ी दो संस्थाओं 'ग्रीन जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिकवरी सेंटर' और 'राधाकृष्ण टेम्पल एलिफेंट वेलफेयर ट्रस्ट' की बेहतरीन कार्यप्रणालियों और कामकाज की खुलकर सराहना की है. इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने भी वनतारा को क्लीन चिट दी थी. जांच रिपोर्ट में CITES ने कहा है कि दोनों संस्थान बहुत ही उच्च मानकों के आधार पर संचालित हो रहे हैं. यहां पशुओं के लिए आधुनिक बाड़े, चिकित्सीय देखभाल और उन्नत सुविधाएं उपलब्ध हैं. रिपोर्ट के मुताबिक इन संस्थानों ने पशु-चिकित्सा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण सफलताएं हासिल की हैं. एक कदम आगे बढ़कर रिपोर्ट में यह सलाह दी गई कि पशु चिकित्सा के अनुभव को इन संस्थानों को वैज्ञानिक समुदाय के साथ साझा करना चाहिए.

उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में तीन आतंकवादी मारे गए

इस्लामाबाद, 4 नवंबर. पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड में तीन आतंकवादी मारे गये हैं. सेना ने यह जानकारी दी है.

पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि ये आतंकवादी दो सैन्य अभियानों में मारे गये हैं. पहला अभियान रविवार को उत्तरी वजीरिस्तान जिले के एशम इलाके के पास हुआ, जहां सैनिकों ने अफगानिस्तान से पाकिस्तान में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे आतंकवादियों की गतिविधियों का पता लगाया. आईएसपीआर ने बताया कि सुरक्षा बलों ने इसके

बाद घेराबंदी कर ली और इसी दौरान हुयी मुठभेड में दो आतंकवादी मारे गये.. बयान में आगे कहा गया कि टैंक जिले में खुफिया-आधारित अभियान में सुरक्षा बलों की कार्रवाई में एक आतंकवादी मारा गया. आईएसपीआर ने कहा कि तलाशी अभियान जारी है. आतंकवाद-रोधी प्रयास स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिए जारी रहेंगे.

ललन सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

पटना. केंद्रीय मंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन के आरोप में मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की गई. मोकामा विधानसभा सीट से जदयू उम्मीदवार अनंत सिंह के पक्ष में प्रचार के दौरान यह कार्रवाई हुई. आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एक वायरल वीडियो में केंद्रीय मंत्री ललन सिंह जदयू के उम्मीदवार अनंत सिंह के पक्ष में प्रचार के दौरान कार्यकर्ताओं से 6 नवंबर को विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के दिन कुछ नेताओं को उनके घरों से बाहर नहीं निकलने देने की बात कही थी. वायरल वीडियो में सिंह ने कहा है कि ऐसे नेताओं को तभी वोट डालने दिया जाए.



मिथिलांचल में मखाना की खेती

बिहार के मिथिलांचल जिला सहरसा में मखाना की खेती का विहंगम दृश्य. मिथिलांचल के लोग मखाना को मखान कहते हैं. यह प्रति किलो 800 रुपये से 1000 रुपये बाजार में बिकता है. मखाना बोर्ड के गठन के बाद इसकी खेती ने रफ्तार पकड़ ली है. घुटने भर पानी में मखाना की खेती होती है.

महाराष्ट्र में निकाय चुनाव के लिए 2 दिसंबर को होगा मतदान

246 नगर परिषद और 42 नगर पंचायतों में होगा चुनाव

राज्य चुनाव आयुक्त वाघमारे ने की कार्यक्रम की घोषणा

मुंबई, 4 नवंबर. महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों की घोषणा हो गई है. राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने मंगलवार को बताया कि 246 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों में मतदान 2 दिसंबर को कराया जाएगा, जबकि मतगणना 3 दिसंबर को होगी.

इन चुनावों में राज्यभर के 1 करोड़ 7 लाख 3 हजार 576 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. चुनाव आयोग ने बताया कि इन निकायों में कुल 6,859 सदस्य और 288 अध्यक्ष चुने जाएंगे. चुनाव इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के जरिए होंगे और इसके लिए राज्यभर में 13,355 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे. नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 17 नवंबर रखी गई है. नामांकन पत्रों की जांच 18 नवंबर को होगी, जबकि उम्मीदवार 21 नवंबर तक अपने नाम वापस ले सकते हैं. मतदान 2 दिसंबर को और मतगणना अगले दिन यानी 3 दिसंबर को होगी. राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा कि नगर पंचायतों और नगर परिषदों में 6,859 सदस्यों और 288 अध्यक्षों के चुनाव के लिए मतदान होगा.

निर्माण में देरी पर योगी ने लगाई फटकार

▶ सिक्सलेन फ्लाई ओवर के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

गोरखपुर, 4 नवंबर. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार शाम टीपीनगर चौक से पैडलेगंज मार्ग पर निर्माणाधीन गोरखपुर के पहले सिक्सलेन फ्लाई ओवर के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया.

फ्लाईओवर के पिलर संख्या 62-63 और 18-19 के पास जायजा लेने के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति अपेक्षित न होने पर नाराजगी जताई. इसके लिए उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि मानसून थमने से लेकर अबतक का समय काम में तेजी लाने के लिए बेहद अनुकूल था. उन्होंने सवाल किया कि आखिर इस पर ध्यान क्यों नहीं दिया गया. अधिकारियों के पास कोई जवाब नहीं होने पर मुख्यमंत्री ने चेतावनी भरे लहजे में नसीहत दी कि सामान्य और टेक्निकल मैनपॉवर तथा मशीन, उपकरण जैसे संसाधन बढ़ाकर काम को तय समय सीमा में तेजी से पूरा किया जाए। बिहार के विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के लिए प्रचार करने के बाद मंगलवार शाम गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री सबसे पहले नहर रोड स्थित आजाद चौक आए। यहां उन्होंने सिक्सलेन फ्लाईओवर के पिलर संख्या 62-63 के पास रुककर निर्माण की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली.

429 करोड़ 49 लाख रुपये की लागत वाले गोरखपुर के इस पहले सिक्सलेन फ्लाई ओवर का निर्माण फरवरी 2023 में शुरू हुआ था और कार्य जनवरी 2026 तक पूरा किया जाना लक्षित है. कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश सेतु निगम लिमिटेड के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि 2.6 किमी लंबे और कुल 77 पिलर वाले इस फ्लाईओवर के निर्माण की भौतिक प्रगति 72 प्रतिशत से अधिक है. लक्षित समय तक कार्य पूरा करने की कड़ी चेतावनी.

केजरीवाल ने विस अध्यक्ष नितिन के परिवार को दीं संवेदनाएं

नई दिल्ली. 4 आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता नितिन के निधन से राजनीतिक और सामाजिक समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई है. उनके योगदान और समर्पण के कारण पार्टी के लिए उनका स्थान हमेशा यादगार रहेगा.

पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व ट्विटर) अकाउंट पर ट्वीट कर नितिन जी के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं. उन्होंने कहा कि नितिन के निधन से पार्टी ने एक ईमानदार और समर्पित साथी खो दिया है. इस दुखद समय में आम आदमी पार्टी परिवार की ओर से

नितिन को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई. केजरीवाल ने अपने ट्वीट में यह भी कहा कि इस कठिन घड़ी में पार्टी के सभी सदस्य और समर्थक उनके परिवार के साथ खड़े हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वे परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें. उन्होंने पार्टी में अपनी ईमानदारी, मेहनत और जनता के प्रति समर्पण के लिए एक मिसाल कायम की.

राजकुमार ने किया छठी मइया का अपमान

▶ पीएम ने 'मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम में किया संवाद

नईदिल्ली/पटना, 4 नवंबर. चुनाव प्रचार के आखिरी घंटों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीजेपी के 'मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत महिला कार्यकर्ताओं से लंबी बातचीत की.

उन्होंने कहा कि वे इस बात को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हैं कि बिहार में एनडीए की एक बार फिर बड़ी जीत होने वाली है. बीजेपी की महिला कार्यकर्ताओं से बातचीत के बीच ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छठ मइया की जिक्र किया. उन्होंने कहा कि बिहार में दो राजकुमार घूम रहे हैं, जिनमें से एक दिल्ली का है. बता दें कि पीएम मोदी दिल्ली वाला शब्द सांकेतिक रूप से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लिए इस्तेमाल किया, जबकि दूसरा राजकुमार

आरजेडी नेता तेजस्वी यादव को बताया है. पीएम मोदी ने कहा कि दिल्लीवाला राजकुमार बिहार में घूमकर छठी मइया का अपमान कर रहा है. बता दें कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बिहार की एक रैली में कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी छठ पूजा के नाम पर दिल्ली में ड्रामा कर रहे हैं. इसके बाद बीजेपी और पूरा एनडीए का कुनबा राहुल गांधी और कांग्रेस पर हमलावर हो गया था. अब पीएम मोदी ने कहा है कि बिहार के मतदाताओं को राज्य के लोगों की भावनाओं का अपमान करने वालों को करारा जवाब देना चाहिए.

सीएम नीतीश ने जंगलराज को खत्म किया : शाह



दरभंगा/मोतिहारी. केन्द्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मेहनत रंग लाई है और बिहार विकास की पटरी पर तेजी दौड़ रहा है. शाह ने आज दरभंगा और पूर्वी चंपारण जिले में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित रैली को संबोधित किया.

एक नजर में

जेएनयू छात्रसंघ चुनाव के लिए मतदान प्रक्रिया खत्म

नई दिल्ली, 4 नवंबर. जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) में छात्रसंघ चुनाव 2025-26 के लिए वोटिंग की प्रक्रिया समाप्त हो गई है. दो चरण में यह प्रक्रिया पूरी हुई. पहले चरण के तहत सुबह 9 बजे से लेकर 1 बजे तक मतदान हुआ, जबकि वोटिंग का दूसरा चरण दोपहर 2:30 बजे से लेकर शाम 5:30 बजे तक चला. चुनाव समिति के अनुसार, वोटिंग की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मतगणना आज रात 9 बजे से ही शुरू हो जाएगी. हालांकि फाइनल रिजल्ट 6 नवंबर 2025 को घोषित किया जाएगा. इस बार के छात्रसंघ चुनाव में लेफ्ट यूनिटी और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के बीच कड़ी टक्कर है. दोनों स्टूडेंट विंग ने चारों पदों (अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव और संयुक्त सचिव) के लिए अपने-अपने उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं.

विवाद : ताजमहल में शिव तांडव मंत्र पढ़ा

आगरा, 4 नवंबर. विश्व धरोहर ताजमहल एक बार फिर चर्चा में है. दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वायरल हो रहा है, जिसमें एक बाल विदुषी को ताजमहल के अंदर 'शिव तांडव स्तोत्र' का पाठ करते हुए नजर आ रही है. वहीं, वीडियो के वायरल होने के बाद ताजमहल की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं. वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है. कई लोग इसे असली इतिहास का संदेश बताते हुए समर्थन कर रहे हैं, वहीं कुछ इसे विरासत स्थल के नियमों की अनदेखी मान रहे हैं. बॉलीवुड फिल्म द ताज स्टोरी के समर्थन में बाल विदुषी लक्ष्मी ने यह वीडियो बनाया है, जिसमें वह कहते हुए नजर आ रही है, 'ताजमहल नहीं, तेजोमहालय है.'

मणिपुर के चुराचांदपुर में मुठभेड़ में 4 उग्रवादी ढेर

चुराचांदपुर, 4 नवंबर. मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में मंगलवार सुबह मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों ने एक प्रतिबंधित संगठन के कम-से-कम चार उग्रवादियों को मार गिराया. पुलिस ने यह जानकारी दी. एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी (यूकेएनए) को हथियारबंद सदस्यों की मौजूदगी की सूचना मिली. इसी के आधार पर जिले के हेंगलेप उप-मंडल के अंतर्गत खानपी गांव में सुबह लगभग साढ़े पांच बजे एक अभियान शुरू किया गया.

मंगोलिया में फंसे यात्रियों को लाने के लिए फ्लाइट रवाना

▶ दिल्ली फ्लाइट में तकनीकी खराबी, उलान-बटोर में सुरक्षित लैंडिंग

नई दिल्ली, 4 नवंबर. टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने मंगोलिया के उलान-बटोर में फंसे अपने 228 यात्रियों को लाने के लिए मंगलवार को एक राहत उड़ान रवाना की.

एयरलाइंस के एक प्रवक्ता ने आज बताया कि राहत उड़ान बुधवार सुबह यात्रियों के लेकर दिल्ली लौटेगी. उल्लेखनीय है कि अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को से दिल्ली आ रही उड़ान एआई174 को विमान में तकनीकी खराबी के कारण सतर्कता बरतते हुए सोमवार को स्थानीय समय के अनुसार, रात

7-59 बजे उलान-बटोर में उतारा गया था. विमान ने 2 नवंबर को सैन फ्रांसिस्को से उड़ान भरी थी और उसके कोलकाता होते हुए दिल्ली आना था. रास्ते में विमान में खराबी का पता चलने के बाद पायलटों मे उसे उलान-बटोर में उतारने का फैसला किया. लैडिंग से एक घंटे पहले ही हवाई अड्डे को इसकी सूचना दे दी गयी थी. मंगोलिया में भारतीय दूतावास और स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर एयर इंडिया यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को हर तरह की सहायता मुहैया करा रही है.

आज का इतिहास

1556 पानीपत के दूसरे युद्ध में मुग़ल शासक अकबर ने हेमू को हराया।
1630 स्पेन और इंग्लैंड के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर।
1639 मैसाच्युसेट्स में पहले डाकघर की स्थापना।
1678 जर्मनी की विशेष सेना ब्रैंडनबर्गर्स ने स्वीडन में ग्रीफ्सवाल्ड शहर पर क़ब्ज़ा
1725 स्पेन और आस्ट्रिया ने गुप्त समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1811 स्पेन के खिलाफ मध्य अमेरिकी देश अल सल्वाडोर का प्रथम स्वतंत्रता संघर्ष।
1854 क्रीमिया के युद्ध में ब्रिटिश और फ्रांस की संयुक्त सेना ने इकेरमान में रूसी सेना को पराजित किया।

धान-गेहूं पर एमएसपी से ऊपर देंगे बोनस

पटना. बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में महागठबंधन की सरकार आने के बाद किसानों को धान और गेहूं की फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के उपर बोनस दिया जाएगा, साथ ही खेतों की सिंचाई पर खर्च होने वाली बिजली मुफ्त कर दी जाएगी. इसके साथ ही विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष ने यह भी कहा कि उनकी सरकार बनने के बाद पैक्स और व्यापार मंडल के अध्यक्षों को जनप्रतिनिधियों का दर्जा दे दिया जाएगा. बिहार में किसानों को धान और गेहूं की फसल एमएसपी से भी कम कीमत पर बेचनी पड़ती है.

नीतीश ने युवाओं को मजदूर बना दिया : राहुला गांधी

औरंगाबाद, 4 नवंबर. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने औरंगाबाद जिले के पकहा और कुटुम्बा मैदान में जनसभाओं को संबोधित किया. उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा प्रहार किया. राहुल ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के युवाओं को देश का मजदूर बना दिया है. उन्होंने कहा कि, जिस धरती पर कभी नालंदा जैसी विश्वविख्यात यूनिवर्सिटी थी, वहां के युवा आज रोजगार के लिए भटक रहे हैं और दूसरे राज्यों में मजदूरी करने को मजबूर हैं. प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) नेताओं ने बिहार की जनता को झूठे वादों और सपनों में उलझाया है. उन्होंने कहा कि मोदी जी के किसी वादे पर अब विश्वास करना मुश्किल है. उन्होंने जनता को हर बार सपने दिखाए, लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया. उन्होंने वादा किया कि अगर बिहार में महागठबंधन की सरकार बनी तो बिहार में ऐसी विश्वस्तरीय यूनिवर्सिटी स्थापित की जाएगी, जहां चीन और जापान के छात्र भी पढ़ने आएंगे.

समारोह | **द्रौपदी मुर्मू का दो दिवसीय उत्तराखंड दौरा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लिया भाग**

कुमाऊं विवि में राष्ट्रपति ने छात्रों को दिए गोल्ड मेडल

नैनीताल/हल्द्वानी, 4 नवंबर. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का उत्तराखंड का दो दिवसीय दौरा आज सफलतापूर्वक समाप्त हुआ. इस दौरान उन्होंने नैनीताल में कई ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों के दर्शन किए. राष्ट्रपति ने पहली बार कैंची धाम का दौरा किया और शक्तिपीठ मां नयना देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर राष्ट्र की सुख-शांति और खुशहाली की कामना की.

दौरे के मुख्य आकर्षण में कुमाऊं विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह शामिल था. यहां राष्ट्रपति ने 20 स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित

किया. यह विश्वविद्यालय के इतिहास में पहला मौका था जब देश की प्रथम नागरिक दीक्षांत समारोह की मुख्य अतिथि बनीं. राष्ट्रपति ने राज्य के अधिकारियों और कर्मचारियों को सरलता, नैतिकता और संवेदनशीलता का पालन करने की प्रेरणा दी. इसके अलावा राजभवन की 125वीं वर्षगांठ समारोह में भी उन्होंने भाग लिया, जिसमें उत्तराखंड की सांस्कृतिक और पारंपरिक धरोहर को प्रदर्शित किया गया. सभी कार्यक्रमों के बाद राष्ट्रपति सड़क मार्ग से हल्द्वानी के आर्मी ग्राउंड हेलीपैड तक गई.

राष्ट्रपति ने नैनीताल में स्थित कैंची धाम और शक्तिपीठ मां नयना देवी मंदिर में दर्शन किए. जब किसी भारतीय राष्ट्रपति ने कैंची धाम का दौरा किया. उन्होंने मंदिरों में पूजा-अर्चना कर राष्ट्र की सुख-शांति की कामना की. राष्ट्रपति ने कुमाऊं विवि के 51वें स्थापना वर्ष के दीक्षांत समारोह में भाग लिया. उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की और 20 उत्कृष्ट छात्रों को गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया.

राजनीति परिवारों की जायदाद नहीं : थरूर

नई दिल्ली. वरिष्ठ सांसद शशि थरूर ने भारतीय राजनीति में वंशवाद की राजनीति पर करारा प्रहार किया. एक अंतरराष्ट्रीय आलेख में थरूर ने साफ शब्दों में कहा है कि भारतीय राजनीति परिवारों की जायदाद नहीं है और वंशवादी राजनीति लोकतंत्र के लिए एक गंभीर खतरा है. यह टिप्पणी इसलिए राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा रही है. क्योंकि यह आलोचना उस समय आई है, जब उनकी अपनी पार्टी कांग्रेस एक ही परिवार (नेहरू-गांधी परिवार) के नेतृत्व के इर्द-गिर्द केंद्रित है.